P – 1039

Reg. No. : ....

Name : ....

Second Semester B.A./B.Sc. Degree Examination, September 2022

First Degree Programme Under CBCSS

Language Course – Additional Language – Hindi

HN 1211.1 — HINDI NIBANDH AUR ANYA GADYA VIDHAYEM

(2020 Admission Ownwards)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए।**

1. 'आधुनिक हिन्दी का जन्मदाता' कौन है?
2. 'कुटज' का रचनाकार कौन है?
3. 'कलम का सिपाही' किस विधा की रचना है?
4. परसाईजी के अनुसार निन्दा का उद्गम कहाँ से होता है?
5. 'सफेद मेमने' किसकी रचना है?
6. 'सूखे सरोवर का भूगोल' किस विधा की रचना है?
7. 'तिरछी रेखाएँ' का रचयिता कौन है?
8. 'माटी के मूरतें' किसकी रचना है?
9. सूरदास ने निंदा को किस नाम से संबोधोत किया?
10. 'मेरा हमदम मेरा दोस्त' किस विधा की रचना है?

(10 × 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर करीब 50 शब्दों में लिखिए।

11. कमलेश्वर के व्यक्तित्व के बारे में राजेन्द्र यादव का विचार व्यक्त कीजिए।

12. राजेन्द्र यादव का, कमलेश्वर से व्यक्तिगत परिचय कब हुआ था?

13. बडौदा राज्य में नौकरी करना अंबेडकर के लिए क्यों आवश्यक हो गया था?

14. पारसी सराय में अंबेडकर का रहन–सहन किस प्रकार का था?

15. हज़ारी प्रसाद द्विवेदीजी के अनुसार कालिदास ने हिमालय और देवदारु की चर्चा किस प्रकार की है?

16. देवदारु वनस्पति की मर्यादा से वंचित क्यों रहा?

17. मुंशी प्रेमचंद ने कन्यादान क्यों नहीं किया?

18. प्रेमचन्द के समय में लडकी को पढ़ाना अपने आप में एक क्रान्ति क्यों थी?

19. तांडव किस प्रकार का नाच है?

20. धर्मान्तरण संबन्धी डॉ. अंबेडकर की मान्यताओं पर विचार कीजिए।

21. हज़ारी प्रसाद द्विवेदीजी की रचनाओं का परिचय दीजिए।

22. एक साहित्यकार के रूप में अमृतराय का महत्व समझाइए।

23. मणिमधुकर का परिचय दीजिए।

24. धिराणी माँ किस प्रकार की नारी थी?

25. भारत के अछूतों की स्थिति को डॉ. अंबेडकर ने किस प्रकार चित्रित किया है?

26. गेहूँ और संगीत का आपसी संबन्ध किस प्रकार बना?

(8 × 2 = 16 Marks)

III. **किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में लिखिए।**

27. 'पता नहीं, किसने इस पेड का नाम देवदारु रख दिया था, नाम निश्चय ही पुराना है, कालिदास से भी पुराना, महाभारत से भी पुराना'। कथन की विवेचना कीजिए।

28. 'मगर देवदारु नाम केवल नाम ही नहीं है। मैं ने अपने गाँव के एक महान भूत-भगवान ओझा को देवदारु की लकडी से भूत भगाते देखा है'। भाव समझाइए।

29. 'घर में उस समय और कोई न था। इसलिए मुंशीजी खुद ही गये और पास के एक हलवाई के यहाँ से मिठाई ले आये' प्रसंग लिखिए।

30. 'शादी-ब्याह एक दिन का रिस्ता नहीं हमारा उनका यह तीन पुश्तों का रिस्ता होगा। इसलिए आप उनको दिवालिया न कीजिएगा'। कथन की विवेचना कीजिए।

31. व्यंग्य के स्वरूप को समझाइए।

32. 'गेहूँ हम खाते हैं, गुलाब सूँघते हैं। एक से शरीर की पुष्टि होती हौ, दूसरे से मानस तृप्त होता है'। - आशय समझाइए।

33. 'अभिमन्यु की आत्महत्या' नामक कहानी की पहली चिनगारी राजेन्द्र यादवजी को कैसे मिली?

34. 'हर झूठा और पढ़ा-लिखा आदमी कहानीकार नहीं हो सकता वरना आज सारे के सारे प्रयागवासी कवि आलोचक, कहानीकार हो गए होते।' - आशय समझाइए।

35. 'गेहूँ बनाम गुलाब' शीर्षक की प्रतीकात्मकता पर विचार कीजिए।

36. ललित निबन्ध के स्वरूप का परिचय दीजिए।

37. गद्य के विविध रूपों का परिचय दीजिए।

38. 'क' से क्या मैं गले मिला? क्या मुझे उसने समेटकर कलेजे से लगा लिया? हरगिज़ नहीं'। आशय समझाइए।

(6 × 4 = 24 Marks)

IV. **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर ढाई सौ शब्दों में लिखिए।**

39. 'देवदारु' की विशेषताओं को समझाइए।

40. 'बेटी का विवाह' जीवनी पर विचार कीजिए।

41. ‘बडौदा का अनुभव’ पर प्रकाश डालिए।

42. ‘निन्दारस’ में अभिव्यक्त व्यंग्य का परिचय दीजिए।

43. ‘सूखे सरोवर का भूगोल’ रिपोर्ताज का परिचय दीजिए।

44. ‘गेहूँ बनाम गुलाब’ का सारांश लिखिए।

(2 × 15 = 30 Marks)